सुविधा • यूनिवर्सिटी में तक्षशिला कैंपस में चलेंगी क्लासेस, बाहर के छात्र भी हो सकेंगे शामिल

डीएवीवी का योग विभाग और होलकर कॉलेज अगले माह से कराएगा नेट की मुफ्त कोचिंग

तैयारी कॉम्पिटिशन की

भास्कर संवाददाता | इंदौर

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी का योग विभाग नवंबर से नेट (नेशनल एप्टिट्यूड टेस्ट) की तैयारी के लिए मुफ्त कोचिंग देगा। यह कोचिंग खंडवा रोड स्थित तक्षशिला परिसर में योग विभाग में दी जाएगी। डेढ़ माह तक चलने वाली इस कोचिंग में योग विभाग के साथ शहरभर के किसी भी कॉलेज या संस्था के योग के छात्र शामिल हो सकेंगे। कोचिंग में योग के तीन विशेषज्ञ पहुंचेंगे और नेट से जुड़े तमाम बिंदुओं पर क्लास लेंगे। इसमें यह भी बताया जाएगा कि नेट की तैयारी कैसे करें, प्रश्न किस तरह के पूछे जाते हैं। कुछ समय पहले नेट के पैटर्न में क्या-क्या बदलाव हुए हैं। योग विभाग के हेड डॉ. एसएस शर्मा ने बताया कि नेट की मुफ्त कोचिंग की तारीख और समय की जानकारी वेबसाइट के जरिए दी जाएगी। इसमें सौ छात्र तो योग विभाग के ही शामिल होंगे।

कमजोर छात्रों के लिए होलकर कॉलेज में रेमेडियल क्लासेस इसी माह से

होलकर साइंस कॉलेज में इसी माह से बीएससी के विभिन्न विषयों में कमजोर छात्रों के लिए रेमेडियल क्लासेस लगाई जाएंगी। हर दिन तीन विषयों की क्लास लगेगी। इनमें वे छात्र शामिल होंगे जो संबंधित विषय में कमजोर हैं या टेस्ट में उन्हें अच्छे मार्क्स नहीं मिल पाए। ये क्लास महीनेभर से ज्यादा समय तक चलेंगी। प्राचार्य डॉ. सुरेश सिलावट के अनुसार हर क्लास में औसत 5 से 7 छात्र ऐसे सामने आए हैं जो अलग-अलग विषय में कमजोर हैं। ऐसे छात्रों का परफॉर्मेंस सुधरे इसलिए वर्ल्ड बैंक के सहयोग से यह क्लासेस शुरू की जा रही हैं। इसमें संबंधित सब्जेक्ट के एक्सपर्ट भी आएंगे और सरल मैथर्ड में विषय के बारे में समझाएंगे।

100 छात्र योग विभाग के निःशुल्क कोचिंग में हो सकेंगे शामिल

45 दिन तक चलाई जाएंगी क्लासेस, विषय विशेषज्ञ आएंगे पढ़ाने

दिवाली बाद शुरू होंगी क्लासेस

कॉलेज दिवाली बाद से संस्थान के ही छात्रों को नेट की कोचिंग भी देगा। साइंस के विभिन्न विषयों की नेट की कोचिंग कॉलेज की तरफ से दी जाएगी। पीजी छात्रों के लिए यह कोचिंग मुफ्त रहेगी। हर दिन शाम 5 बजे से क्लासेस लगेंगी। एक घंटे से दो घंटे तक विषयवार कक्षाएं चलेंगी।

छात्रों के साथ कर्मचारी, शिक्षक को मुफ्त कम्प्यूटर ट्रेनिंग भी

होलकर कॉलेज में नवंबर से ही कर्मचारियों, फैकल्टी और छात्रों को मुफ्त कम्प्यूटर ट्रेनिंग भी दी जाएगी। प्रो. आरसी दीक्षित के अनुसार बीएससी के जिन छात्रों के कोर्स में कम्प्यूटर विषय शामिल नहीं है, उन्हें यह ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि प्लेसमेंट के दौरान कम्प्यूटर नहीं आने के कारण वे जॉब से वंचित न रहें। वहीं कर्मचारियों को भी बेसिक कम्प्यूटर ट्रेनिंग देंगे, ताकि वे आज के समय की डिमांड के अनुसार काम कर सकें। 14 दिन से 45 दिन की यह कोचिंग रहेगी। अपनी-अपनी क्षमता के अनुसार छात्र और फैकल्टी समय का चयन करेंगे।